# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

## प्रथम पत्र : आधुनिक हिन्दी काव्य

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **3x10=30**

(अ) आँखों में प्रिय–मूर्ति थी, भूले थे सब भोग,
हुआ योग से भी अधिक उसका विषम–वियोग।
आठ पहर चौंसठ घड़ी स्वामी का ही ध्यान,
छूट गया पीछे स्वयं उससे आत्मज्ञान।

(ब) कौन तुम? संसृति–जलनिधि–तीर
तरंगों से फेंकी मणि एक,
कर रहे निर्जन का चुपचाप
प्रभा की धारा से अभिषेक।
मधुर विधांत और एकांत
जगत् का सुलझा हुआ रहस्य,
एक करूणामय सुन्दर मौन
और चंचल मन का आलस्य।

(स) जिनकी भुजाओं की शिराएँ फड़की ही नहीं,
जिनके लहू में नहीं वेग है अनल का,

शिव का पदोदक ही पेय जिनका है रहा,
चक्खा ही जिन्होंने नहीं स्वाद हलाहल का,
जिनके हृदय में कभी आग सुलगी ही नहीं,
ठेस लगते ही अहंकार नहीं झलका,
जिनको सहारा नहीं भुज के प्रताप का है,
बैठते भरोसा किये वे ही आत्मबल का।

(द) हम नदी के द्वीप हैं,
हम नहीं कहते कि हमको छोड़कर स्रोतास्विनी बह जाय।
वह हमें आकर देती है।
हमारे कोण गलियों, अन्तरीप, उभार, सैकत फूल,
सब गोलाइयाँ उसकी गढ़ी हैं।
माँ है वह है, इसी से हम बने हैं।

प्र. 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **2x10=20**

(अ) 'नवम सर्ग' के आधार पर उर्मिला की चारित्रिक विशेषताओं को समझाइए।

अथवा

'कामायनी' के भाव विधान को स्पष्ट कीजिए।

(ब) 'राम की शक्ति पूजा' का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'असाध्य वीणा' कविता के काव्य सौंदर्य को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **4 x 5=20**

(i) छायावाद पर क्या आरोप है? स्पष्ट कीजिए।

(ii) प्रगतिवाद की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(iii) प्रयोगवाद की मान्यताएँ संक्षेप में बताइये।

(iv) नई कविता की विशेषताओं को संक्षेप में बताइये।

(v) मैथिलीशरण गुप्त का संक्षिप्त परिचय दीजिए।



(vi) 'लज्जा' सर्ग का परिचय दीजिए।

(vii) 'ऋषभायण' की कथा का सार लिखिए।

प्र. 4. निम्नांकित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **10 x 1= 10**

(i) आधुनिक काल में काव्य सर्जन की प्रमुख भाषा क्या है?

(ii) प्रयोगवाद के प्रवर्तक का क्या नाम है?

(iii) भारतेंदु द्वारा रचित पहेलियाँ, मुकरियाँ किस कवि से प्रभावित प्रेरित हैं?

(iv) उमर खैथांम की रूबाइयों का अनुवाद किसने किया?

(v) 'प्रगतिशील लेखक संघ' के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

(vi) 'तार सप्तक' का प्रकाशन कब हुआ?

(vii) 'लघुमानव की महत्ता' के प्रतिपादक कौन हैं?

(viii) 'श्मशान पीढ़ी' का प्रवर्तक किसे कहते हैं?

(ix) उर्मिला किसकी पत्नी थी?

(x) कामायनी का अंतिम सर्ग कौनसा है?

(xi) महाप्रज्ञजी ने किसकी प्रेरणा से 'ऋषभांयण' की रचना की?

(xii) 'उद्धव शतक' किसकी रचना है?

(xiii) असाध्य वीणा का निर्माता कौन था?

(xiv) 'दिनकर' की सर्वाधिक चर्चित एवं प्रसिद्ध रचना का नाम लिखिए।

(xv) 'बच्चन' की सर्वाधिक चर्चित कृति कौनसी है?

♦♦♦

(vii) 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' शीर्षक निबंध किसके द्वारा लिखा गया?

(viii) किस मनोवैज्ञानिक कहानीकार का मूल नाम आनंदीलाल था?

(ix) अशुभ माने जाने वाला सफेद परिधान किस चीज के लग जाने से शुभ हो जाता है?

(x) चंदर मांझी का जिक्र पाठ्यक्रम आधारित कौनसे निबंध से है?

(xi) महादेवी वर्मा को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार उनकी कौनसी कृति पर मिला बताइए?

(xii) ''गद्य कवियों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है'' ये मत पाठ्यक्रम आधारित किस प्रसिद्ध निबंधकार का है?

(xiii) केवल गद्य में ही लिखी जा सकने वाली विचार प्रधान रचना को किस नाम से जाना जाता है?

(xiv) भट्टिनी एवं निपुणिका नामक नारी पात्रों का संबंध कौन से उपन्यास से है?

(xv) राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त ने उर्मिला को नायक बनाकर किस महाकाव्य की रचना की है?

(xvi) बाणभट्ट की आत्मकथा नामक उपन्यास के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xvii) 'लज्जा और ग्लानि' निबंधानुसार पुरूषों द्वारा स्त्रियों का आभूषण किसे माना गया है।

(xviii) लहनासिंह नामक पात्र कौनसी प्रसिद्ध कहानी का मुख्य पात्र है?

(xix) पाठ्यक्रम वर्णित 'होली' निबंध के निबंधकार का नाम लिखिए।

(xx) राजा निरबंसिया किसकी प्रसिद्ध कहानी मानी जाती है?

(xxi) किशोरीलाल गोस्वामी की कौनसी कहानी हिन्दी की पहली कहानी मानी जाती है?

♦♦♦





# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

## द्वितीय पत्र : गद्य साहित्य

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्न में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– **3x8=24**

(i) जिसकी आत्मा में बल नहीं, अभिमान नहीं, वह और चाहे कुछ भी हो आदमी नहीं है। जिसे दुश्मन के भय के मारे रात को नींद न आती है, जिसके दुःख पर सब हँसे और रोने वाला कोई न हो, जिसकी चोटी दूसरों के पैरों के नीचे दबी हो, जो भोग विलास के नशे में अपने को बिल्कुल भूल गया हो, जो हुक्काम के तलवे चाटता हो और अपने अधीनों का खून चूसता हो, उसे मैं सुखी नहीं कहता, वह तो संसार का सबसे अभागा प्राणी है।

(ii) चाणक्य अपने कर्तव्य को भली–भाँति जानता है। इसके लिए वह निज सुखों व स्वार्थों का परित्याग कर देता है। कठिन परिस्थितियों में भी उसका नैतिक अन्तर्द्वन्द्व उसे झुकने नहीं देता है– ''समीर की गति अवरूद्ध है, शरीर का फिर क्या कहना? परन्तु मन में इतने संकल्प–विकल्प? एक बार निकलने पाता तो दिखा देता कि इन दुर्बल हाथों में साम्राज्य उलटने की शक्ति है।'' जिस प्रकार पौधे

अंधकार में बढ़ते हैं, उसी प्रकार मेरी नीतिलता विपत्ति काल में भी लहलहाती है। वह घोर विपत्ति काल में भी न किसी के सामने झुकता है और न ही दया की भीख मांगता है बल्कि अधिकार मिलने पर सभी विरोधियों को समूल नष्ट करने की प्रतिज्ञा पूरी करता है।

(iii) तुम पूरी तरह समझ नहीं रहीं, मल्लिका। प्रश्न तुम्हारे घेरने का नहीं है। ......... मैं अनुभव करता हूँ कि यह ग्राम–प्रान्तर मेरी वास्तविक भूमि है। मैं कई सूत्रों से इस भूमि से जुड़ा हूँ। उन सूत्रों में तुम हो, यह आकाश और ये मेघ हैं, यहां की हरियाली है, हरिणों के बच्चे हैं, पशुपाल हैं।.................यहां से जाकर मैं अपनी भूमि से उखड़ जाऊँगा।

(iv) ''क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक पक्षी का निषाद द्वारा वध किया गया देख जिस कवि–शिरोमणि का हृदय दुःख से विदीर्ण हो गया, और जिसके मुख से 'मा–निषाद' इत्यादि सरस्वती सहसा निकल पड़ी, वहीं पर दुःख कातर मुनि रामायण निर्माण करते समय एक नव–परिणीता दुःखिनी वधू को बिल्कुल ही भूल गया।''

**प्र. 2. आलोचनात्मक प्रश्न (कोई दो) 2x10= 20**

(i) हल्दी दूब और दधि–अच्छत निबंधानुसार भारतीय संस्कृति में हल्दी दूब और दधि अच्छत की महत्ता को व्याख्यायित कीजिए।

(ii) हिन्दी कहानी के तत्त्वों पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी कहानी के विकास को अपने शब्दों में लिखिए।

(iii) ''उसने कहा था' कहानी एक आदर्श प्रेम को उद्घाटित करती है'' पंक्ति के आधार पर इसके कहानी सार को लेखनीबद्ध कीजिए।



(iv) हिन्दी निबंध की विकास यात्रा को बताते हुए हिन्दी निबंध के प्रमुख प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

**प्र. 3. लघूत्तरात्मक प्रश्न (कोई चार) 4x4=16**

(i) 'गोदान' में वर्णित जाति सामंति व्यवस्था पर टिप्पणी दीजिए।

(ii) रामविलास शर्मा ने तुलसी साहित्य में स्थित नारी मूल्यों की नई व्याख्या किस प्रकार प्रस्तुत की है लिखिए।

(iii) ''पुरस्कार कहानी के रचनाकार जयशंकर प्रसाद हिन्दी के प्रसिद्ध नाटककार भी रहे हैं'' पंक्ति के आधार पर प्रसादजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(iv) आचार्य नन्द दुलारे वाजपेयी के निबंध 'भारतीय साहित्य की एकता' शीर्षक की सार्थकता पर विचार प्रकट कीजिए।

(v) कहानीकार जैनेन्द्र की कहानी 'पाजेब' बाल मनोविज्ञान की एक प्रसिद्ध कहानी है सिद्ध कीजिए।

**प्र. 4. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (कोई बीस) 20x1=20**

(i) 'निशाता बांसूरी' निबन्ध के निबंधकार का नाम लिखिए।

(ii) पाठ्यक्रम वर्णित कौनसा उपन्यास किसान जीवन शैली के वास्तविक यथार्थ को उजागर करता है?

(iii) 'उसने कहा था' कहानी का प्रकाशन वर्ष बताइए।

(iv) सुखमय जीवन, बुद्धू का कांटा किस कहानीकार की प्रसिद्ध कहानियां हैं?

(v) होरी व गोबर किस प्रसिद्ध उपन्यास के पात्र हैं?

(vi) आधुनिक युग का श्रेष्ठ महाकाव्य 'कामायनी' किसकी रचना है?

(xi) वामन के अनुसार गुणों की संख्या है?

(xii) सर्व श्रेष्ठ रीति किसे माना हैं?

(xiii) विश्वनाथ ने काव्य दोष की क्या परिभाषा दी है?

(xiv) पाचाली रीति को किस नाम से जाना जाता है?

(xv) संस्कृत काव्यशास्त्र में रस सिद्धान्त के प्रवर्तक हैं?

(xvi) 'काव्य शोभाकरान् धार्मान् अलंकारान्ट प्रचक्षते'। किसने कहा है?

(xvii) अलंकार सम्प्रदाय के आदि आचार्य कौन हैं?

(xviii) मनोविश्लेषण के जन्मदाता है?

(xix) देरिदा की प्रमुख कृति है?

(xx) प्लेटो के गुरू का नाम बताओ।

♦♦♦





# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा - 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

### तृतीय पत्र : काव्य शास्त्र एवं साहित्यालोचन

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।

प्र. 1. रस के स्वरूप पर विचार कीजिए और आचार्य भरतमुनि के रस स्वरूप की विवेचना कीजिए। 10

अथवा

आचार्य कुन्तक ने वक्रोक्ति के कितने भेद किये हैं? विवेचना कीजिए।

प्र. 2. लौंजाइनस का उदात्त क्या है? विस्तार से विश्लेषण कीजिए। 10

अथवा

एलियट के सिद्धान्त को समझाइए।

प्र. 3. भिखारीदास के काव्यशास्त्रीय चिंतन का मूल्यांकन कीजिए। 10

अथवा

प्रभाववादी और सौन्दर्यशास्त्रीय आलोचना क्या है? कतिपय उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए।

प्र. 4. निम्नलिखित पद्यांशों की व्यावहारिक समीक्षा कीजिए– **10**

'शांति नहीं तब तक, जब तक
सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किस को बहुत अधिक हो,
नहीं किस को कम हो।
ऐसी शांति राज्य करती है
तन पर नहीं हृदय पर
नर के ऊँचे विश्वासों पर
श्रद्धा, भक्ति, प्रणय पर'।

अथवा

वह तोड़ती पत्थर
देखा मैंने उसे इलाहबाद के पथ पर
वह तोड़ती पत्थर नहीं छायादार
पेड़ वह जिसके तले बेठी हुई स्वीकार
श्याम तन, भर बँधा यौवन
नत नयन प्रिय कर्म रतमन
गुरू हथौड़ा हाथ
करती बार–बार प्रहार
सामने तरू मालिका अट्टालिका, प्राकार।

प्र. 5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों का उत्तर दीजिये– **5 x 4 = 20**

(i) महाकाव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।

(ii) श्लेष अलंकार को स्पष्ट कीजिए।

(iii) वैदर्भी रीति का वर्णन कीजिए।



(iv) अलंकार गत औचित्य क्या है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(v) मैथ्यू आर्नल्ड के व्यक्तित्व का परिचय बताइए।

(vi) व्यावहारिक आलोचना पद्धति को विवेचित कीजिए।

(vii) फ्रायड के व्यक्तित्व को स्पष्ट कीजिए।

(viii) अरस्तू के अनुकरण की विवेचना कीजिए।

प्र. 6. निम्नलिखित बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **20 x 1 = 20**

(i) रस सिद्धान्त के प्रवर्तक हैं?

(ii) श्रव्य काव्य की कौनसी दो श्रेणियाँ हैं?

(iii) 'रमणीयार्थ प्रतिपादक शब्द काव्यम्' यह काव्य लक्षण किसका है?

(iv) कामायनी किसकी रचना है?

(v) मम्मट की कृति का नाम बताइए।

(vi) रस के अंग हैं?

(vii) विमान के दो प्रकार कौन–कौनसे हैं?

(viii) अनुभाव किसे कहते हैं?

(ix) चित्रगुप्त न्याय के जनक हैं?

(x) रौद्र रस का स्थायी भाव है?

# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

## चतुर्थ पत्र : हिन्दी साहित्य का इतिहास

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित सभी प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दीजिए। **20 X 1 = 20**

(i) हिन्दी साहित्य में प्रचलित काल विभाग कितने प्रकार का होता है?

(ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने साहित्य के प्रथम काल आदिकाल को क्या नाम दिया?

(iii) हिन्दी साहित्य का पूर्व मध्यकाल किस नाम से जाना जाता है?

(iv) पृथ्वीराज रासो की रचना किस कवि ने की थी?

(v) जैन साहित्य में कितने प्रकार की रचनाओं का वर्णन है?

(vi) बीसल देव रासो हिन्दी के आदिकाल की श्रेष्ठ काव्य कृति है– इस ग्रन्थ की रचना किसने की है?

(vii) परमाल रासो के रचयिता कौन हैं?

(viii) सन्देश रासक की रचना किस भाषा में हुई है?

(ix) भक्ति आन्दोलन के मुख्यतः कितने मार्ग होते हैं?

(x) कबीर के मुख्य ग्रन्थ का नाम बताइए।

(xi) सन्त दादू दयाल किस पन्थ के प्रवर्तक थे?

(xii) गुरू नानक देव किस पन्थ के समर्थक थे?

(xiii) सन्त मूलक दास का जन्म किस राज्य में हुआ था?

(xiv) मलिक मुहम्मद जायसी की प्रमुख रचना का नाम बताइए।

(xv) तुलसीदास ने किस भक्ति काव्य की रचना की?

(xvi) वात्सल्य और श्रृंगार किस भक्ति काव्य की विशेषता है?

(xvii) अष्टछाप कवि बल्लभाचार्य के कितने शिष्य थे?

(xviii) रीतिकालीन कवियों को कितनी श्रेणियों में विभाजित किया गया है?

(xix) भारतेन्दु युग में 'नागरी प्रचारिणी सभा' काशी के तत्वाधान में किस पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ था?

(xx) आधुनिक हिन्दी नाटक का जन्मदाता किसे माना जाता है?

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर (150 शब्दों में) दीजिए। **5 x 4 = 20**

(i) काल विभाजन की समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) रासो काव्य की पृष्ठभूमि की विवेचना कीजिए।

(iii) सिद्ध और नाथ में अन्तर स्पष्ट करते हुए नाथ साहित्य की चर्चा कीजिए।

(iv) भक्ति आन्दोलन की राजनीतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए।

(v) भक्तिकाल का काव्य सामाजिक चेतना का काव्य है संक्षेप में समझाइये।

(vi) सूफी कवियों के अभिव्यक्ति–विधान पर एक निबन्ध लिखिए।



(vii) राम काव्य परम्परा का परिचय दीजिए।

प्र. 3. निम्नांकित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर (250 शब्दों में) दीजिए। **4 x10 =40**

(i) काव्य प्रवृत्ति के आधार पर राम भक्ति साहित्य का मूल्यांकन कीजिए।

(ii) आधुनिक काल के विविध काल खण्डों के काल विभाजन और नामकरण पर प्रकाश डालिए।

(iii) सिद्ध साहित्य की चर्चा करते हुए उसके अभिव्यंजना पक्ष पर प्रकाश डालिए।

(iv) आधुनिक काल के नव जागरण और भक्तिकाल के सांस्कृतिक जागरण में क्या अन्तर है?

(v) छायावाद के चार स्तम्भों में कौन–कौन गिना जाता है? उनका उल्लेख कीजिए।

(vi) प्रगतिवाद के प्रमुख कवियों पर एक निबन्ध लिखिए।

(vii) नयी कविता की काव्य प्रवृत्तियों पर निबन्ध लिखिए।

♦♦♦

**प्र. 2.किन्हीं पांच पर टिप्पणी लिखिए–** **5 x 5 = 25**

1. कालचक्र
2. जैन जीवन शैली
3. जैन धर्म में मनोविज्ञान
4. जीवन विज्ञान के सात तत्त्व
5. समय प्रबन्धन
6. भगवान महावीर

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखें। **3 x 15= 45**

1. जैन संस्कृति की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
2. जैन दर्शन के अनुसार छः द्रव्यों की व्याख्या कीजिए।
3. जैन धर्म में शाकाहार पर एक निबन्ध लिखिए।
4. अणुव्रत किसे कहते हैं? अणुव्रत आन्दोलन की आचार संहिता की व्याख्या कीजिए।
5. प्रेक्षाध्यान किसे कहते हैं? इसके उद्देश्य और स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

♦♦♦





# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

## पंचम पत्र : जैन संस्कृति एवं जीवन मूल्य

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**प्र.1. लघूत्तरात्मक प्रश्न** **10 x 1 = 10**

1. जिन किसे कहते हैं?
2. लॉर्ड ऋषभ कौन थे?
3. जैन धर्म के दो मुख्य सम्प्रदाय लिखिए।
4. तीन रत्नों के नाम लिखिए।
5. निर्जरा का क्या अर्थ है?
6. स्याद्वाद से क्या तात्पर्य है?
7. अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक कौन हैं?
8. प्रेक्षा का अर्थ लिखिए।
9. अहिंसा से क्या तात्पर्य है?
10. प्रजातन्त्र का क्या अर्थ है?

(xv) जायसी ने पदमावत में सूफी मत की कौनसी शैली का निर्वहन किया है?

(xvi) सूफी मत में साधक के लिए सबसे बड़ा शत्रु किसे माना जाता है?

(xvii) 'कबीर का रहस्यवाद एक भावुक या कवि का रहस्यवाद न हो कर साधक या चिंतक का रहस्यवाद है' यह कथन किसका है?

(xviii) किस आलोचक ने कहा कि ''कबीर के रहस्यवाद में बड़ी गहराई है''?

(xix) पृथ्वीराज रासो की प्रामाणिकता के संदर्भ में कितने प्रकार के मत प्रचलित हैं? नाम बताइए।

(xx) आदिकाल को 'आदिकाल' कहने वाले आलोचक का नाम बताइए।

♦♦♦





# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा - 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## षष्ठम पत्र : प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **3x8=24**

(i) मन ना रंगाय रंगाये जोगी कपरा।
आसन मारि मंदिर में बैठे, ब्रह्मा छांड़ि पूजन लागे पथरा।
कनवा फड़ाय जटवा बढ़ौले, दाढ़ी बढ़ाय जोगी होई गैले बकरा।
जंगल जाय जोगी धुनियां रमौले, काम जराय जोगी होय गैले हिजरा।
मथवा मुंडाय जोगी कपड़ा रंगीले, गीता बांचि के होय गैले लगरा।
कहहिं कबीर सुनो भाई साधो, जम दरवाजा बांधत जैबे पकरा।।

(ii) लंक पुहुमि अस आहि न काहू। केहरि कहौ न ओहि सरि ताहू।।
बसा लंक बरनै जग झीनी। तेहि तें अधि लंक वह खीनी।।
परिहंस पियर भए तेहि बसा। लिए डंक लोगन कहं डसा।।
मानहु नाल खंड दुइ भए। दुहुं बिच लंक सार रहि गए।।
हिय के मुरे चले वह तागा। पैग देत कित सहि सक लागा?
छुद्र घंटिका मोहहिं राजा। इंद्र अखाड़ आइ जनु बाजा।।
मानहु बीन गहे कामिनी। गावहिं सबै राग रागिनी।।

(iii) निर्गुन कौन देस को बासी?
मधुकर! कहि समुझाय सौंह दे, बूझति सांच न हांसी।
कौ है जनक जननि को कहियत, कौन नारि को दासी?
कैसो बरन भेस है कैसो, केहि रस में अभिलासी?
पावैगो पुनि कियो आपनो, जो रे करेगो गांसी।
सुनत मौन व्हे रह्यो ठग्यो सो, सूर सबै मति नासी।।

(iv) पत्त पुरातन झरिग, पत्त अंकुरिय उट्ठ तुछ।
ज्यों सैसव उत्तरिय, चढ़िय सैसव किसोर कुछ।
शीतल मंद सुगंध, आइ रितुराज अचानं।
रोमराई अंग कुच, नितम्ब तुच्छ सरसानं।
बड्ढ़े न सीत कटि छीन ह्वै, लज्ज मान ढंकनि फिरै।
ढंक न पत्त ढंकै कहै, बन बसंत मंत जु करै।।

(v) जनु धेनु बालक बच्छ तजि, गृहं चरन बन परबस गई।
दिन अंत पुर रूख स्त्रवत थन, हुंकार करि धावत भई।
अति प्रेम प्रभु सब मातु भेंटीं, बचन मृदु बहुविधि कहे।
गइ विषम बिपति बियोग भव तिन्ह हरष सुख अगनित लहे।।

(vi) जम–करि–मुंह–तरहरि पर्‌यौ, इहिं धरहरि चित लाउ।
विषय–तृखा परिहरि अजौं, नर हरि के गुन गाउ।।
कौन भांति रहि है बिरदु, अब दुखिबी मुरारि।
बींधे मोसों आइ कै, गीधे गीधहिं तारि।।
जगतु जनायौ जिहिं सकलु, सो हरि जान्यौ नांहि।
ज्यों आंखिन सबु देखियै, आंखि न देखी जांहि।।

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2 x 10 = 20**

(i) 'पृथ्वीराज रासो' के काव्य–सौष्ठव को सोदाहरण समझाइए।

(ii) कबीर के क्रांतिकारी लोककवि रूप की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

(iii) 'बिहारी के काव्य में वियोग–वर्णन' विषय पर एक आलोचनात्मक आलेख लिखिए।

(iv) 'मीरां की भक्ति भावना' पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।



प्र. 3.निम्नांकित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **4 x 4 = 16**

(i) ''लौकिक प्रेमकथा के माध्यम से आध्यात्मिक प्रेम की व्यंजना ही पदमावत का प्रतिपाद्य है'' इस कथन की मीमांसा कीजिए।

(ii) ''भ्रमरगीत एक सरस उपालंभ काव्य है'' इस कथन के आलोक में भ्रमरगीत की समीक्षा कीजिए।

(iii) तुलसी की समन्वय भावना पर उपयुक्त उदाहरणों सहित प्रकाश डालिए।

(iv) भूषण की राष्ट्रीयता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(v) अमीर खुसरो के साहित्यिक अवदान पर टिप्पणी लिखिए।

प्र. 4.निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **20 x 1 = 20**

(i) शशिवृत्ता पूर्व जन्म में किस नाम की अप्सरा थी?

(ii) सेनापति की किसी एक प्रसिद्ध काव्यकृति का नाम बताइए।

(iii) भूषण ने किन दो महान सूरवीरों की प्रशस्ति में काव्य रचना की?

(iv) रसखान किस संप्रदाय में दीक्षित थे?

(v) किस कवयित्री को 'करूणा की कवयित्री' नाम से जाना जाता है?

(vi) अमीर खुसरो को किस 'उपाधि' से विभूषित किया गया?

(vii) बिहारी रीतिकाल की किस काव्यधारा के कवि हैं?

(viii) बिहारी की काव्यभाषा का नाम बताओ।

(ix) रामचरित मानस का प्रधान रस कौनसा है?

(x) संपूर्ण रामचरित मानस का निचौड़ किस कांड को माना जाता है?

(xi) तुलसी को मुगलकाल का सबसे बड़ा व्यक्ति किसने कहा?

(xii) सूरदास के समकालीन किस कवि ने भ्रमरगीत की रचना की?

(xiii) 'भ्रमरदूत' किस कवि की रचना है?

(xiv) सूरदास के गुरू का नाम बताओ।

# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## सप्तम पत्र : भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. भाषा व्यवहार भाषा–व्यवस्था का व्यक्त रूप कैसे होता है? **10**

अथवा

घोष–अघोष, क्लीक, फुसफुस स्वन किसके कारण निर्माण होते हैं? कारण बताइये।

प्र. 2. भाषा विज्ञान में सामान्यतया स्वन का प्रयोग किन अर्थों में किया जाता है? **10**

अथवा

रूप, रूपिम, संरूप में अन्तर बताइए।

प्र. 3. भारतीय भाषाओं का उद्गम किस–किस परिवार से माना जाता है? **10**

अथवा

गुजराती, मराठी और हिन्दी भाषाओं की विशेषता बताते हुए साम्य वैषम्य लिखिए।

प्र. 4. राजस्थानी की बोलियों का परिचय दीजिए। **10**

अथवा

हिन्दी शब्द रचना पद्धति को उदाहरणों द्वारा समझाइये।

प्र. 5. निम्नांकित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5 x 4 = 20**

(i) हिन्दी कारक रचना को स्पष्ट कीजिए।

(ii) माध्यम भाषा और संचार भाषा में अंतर बताइए।

(iii) पश्चिमी हिन्दी की बोलियों का भाषा वैज्ञानिक परिचय दीजिए।

(iv) मारवाड़ी पर टिप्पणी लिखिए।

(v) माध्यम भाषा किसे कहते हैं?

(vi) भाषा सामाजिक व्यवस्था कैसे है?

(vii) भाषा विज्ञान के प्रधान अंगों के नाम लिखिए।

(viii) जिह्वा और स्वर वर्गीकरण।

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **20 x 1 = 20**

(i) शैली विज्ञान क्या है?

(ii) भाषिक भूगोल क्या है?

(iii) भाषा विज्ञान के प्रधान अंगों के नाम लिखिए।

(iv) संरचनात्मक भाषा विज्ञान के जनक कौन हैं?

(v) पाणिनि के ग्रंथ का नाम बताइये।

(vi) गोस्वामी शब्द में अर्थ परिवर्तन का कारण बताइये।

(vii) आँख शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखिए।



(viii) अनेकार्थी शब्द का तात्पर्य क्या है?

(ix) भामर के मत से साहित्य क्या है?

(x) डॉ. ग्रिर्सन के अनुसार भारत में कितनी भाषाएँ बोली जाती हैं?

(xi) मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं के (ई.पू. 500 से ई.स. 1000) नाम बताइये।

(xii) द्रविड़ परिवार की प्रमुख भाषाओं के नाम बताइये।

(xiii) लौकिक संस्कृत साहित्य का प्राचीन ग्रंथ व रचयिता कौन हैं?

(xiv) मारवाड़ी का प्राचीन नाम बताइए।

(xv) मारवाड़ी का परिनिष्ठित रूप किस जिले में मिलता है?

(xvi) विद्यापति ने किस भाषा में पदावली की रचना की है?

(xvii) संत दादू दयाल तथा उनके शिष्यों की रचनाएँ राजस्थानी की किस बोली में हुई हैं?

(xviii) मेवाती के सर्वनाम किस बोली के समान हैं?

(xix) हिन्दी में कौन–कौन से लिंग हैं?

(xx) वचन किसको कहते हैं?

(xxi) संज्ञा के बदले प्रयुक्त होने वाले शब्द को क्या कहते हैं?

(xxii) संज्ञा तथा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को क्या कहते हैं?

(xxiii) हिन्दी को संघ की राज भाषा और देवनागरी को राजलिपि किस दिन घोषित किया गया?

(xxiv) कम्प्यूटर के प्रमुख दो अंगों के नाम लिखिए।

♦♦♦

# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## अष्टम पत्र : लोक साहित्य

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **3 x 15 = 45**

(i) लोक कथा के तत्त्वों पर प्रकाश डालते हुए, लोक कथाओं की विशेषताएं बताइए।

(ii) लोक मानस के लक्षण बताते हुए, उसकी प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए।

(iii) लोक नाटक से क्या अभिप्राय है? राजस्थान के प्रमुख लोक–नाटकों का परिचय दीजिए।

(iv) लोक साहित्य के अध्ययन में भारतीय व पाश्चात्य सम्प्रदायों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5 x 4 = 20**

(i) लोक साहित्य का समाज विज्ञानों से सम्बन्ध बताइये।

(ii) लोक साहित्य के संकलन की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

(iii) लोक देवी–देवताओं से तात्पर्य बताते हुए, राजस्थान के प्रमुख लोक–देवताओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(iv) राजस्थान के लोक विश्वासों पर प्रकाश डालिए।

(v) राजस्थान की लोक संस्कृति की विशेषताएँ बताइये।

(vi) राजस्थान के प्रमुख लोकोत्सवों का परिचय दीजिए।

(vii) राजस्थान के लोक संगीत का वैशिष्ठ्य बताइये।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं15 प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए।

**15 x 1 = 15**

(i) कथानक से आपका क्या अभिप्राय है?

(ii) तीज के पर्व का महत्त्व बताते हुए यह भी बताइये कि यह कब मनाया जाता है?

(iii) रामदेवजी का मेला कब और कहाँ भरता है?

(iv) शेखावाटी के गींदड़ नृत्य की प्रमुख विशेषता बतलाइये।

(v) जसनाथी सम्प्रदाय का प्रमुख नृत्य कौनसा है?

(vi) बादशाह की सवारी कहाँ निकाली जाती है?

(vii) पाबूजी का जन्म कब और कहाँ हुआ?



(viii) 'कवित्त' छन्द को परिभाषित कीजिए।

(ix) प्रमुख लोक वाद्य यन्त्र कौन–कौनसे हैं?

(x) वीर कल्लाजी किसके अवतार माने जाते हैं?

(xi) करणी माता का प्रमुख मंदिर कहाँ है?

(xii) कजली तीज का महत्त्व बताइये।

(xiii) शीतला माता का मेला कब और कहाँ भरता है?

(xiv) शकुन शास्त्र के ज्ञाता कौनसे लोक देवता माने जाते हैं?

(xv) जालौर का प्रमुख नृत्य कौनसा है?

(xvi) गवरी नृत्य किस जाति का प्रमुख नृत्य है?

(xvii) सीताबाड़ी का मेला कब और कहाँ भरता है?

(xviii) समया क्या है?

(xix) स्वांग से क्या अभिप्राय है?

(xx) लोकगाथा क्या है?

(xxi) लोक गीत किसे कहते हैं?

♦♦♦

# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## नवम् पत्र : अनुवाद विज्ञान

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए। **3 x 10= 30**

(i) अनुवाद को विज्ञान अथवा कला में से किस वर्ग में रख सकते हैं? तर्क सहित अपने मत को स्पष्ट कीजिए।

(ii) अनुवाद प्रक्रिया में भूमिका समस्या प्रारूप पर प्रकाश डालिए।

(iii) अनुवाद में कोश की उपयोगिता का उल्लेख कीजिए।

(iv) राष्ट्रीय एकता में अनुवाद के महत्त्व को रेखांकित कीजिए।

(v) अनुवाद के प्रकारों का विभाजन किन आधारों पर किया जाता है?

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5 x 4= 20**

(i) अन्तर भाषिक अनुवाद किसे कहते हैं?

(ii) पुनरीक्षण क्या है?

(iii) स्रोत भाषा तथा लक्ष्य भाषा से क्या अभिप्राय है?

(iv) अनुवाद का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(v) अनुवाद में समतुल्यता का सिद्धान्त क्या है?

(vi) आशु अनुवाद किसे कहते हैं?

(vii) अनुवाद में उच्चारण कोश की आवश्यकता किन प्रसंगों में पड़ती है?

(viii) शिक्षा के क्षेत्र में अनुवाद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ix) अनुवाद में भाषा के सांस्कृतिक संदर्भ का क्या महत्त्व है?

(x) मशीनी अनुवाद की प्रमुख प्रविधियों का उल्लेख कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए। **10 x 1= 10**

(i) पूर्ण विचारों का द्योतक पदसमूह को वाक्य कहते हैं'। किस लेखक का कथन है?

(ii) 'प्रोक्ति' शब्द का अंग्रेजी भाषा में समानार्थक शब्द क्या है?

(iii) मशीनी अनुवाद का प्रारम्भ कब हुआ?

(iv) जन संचार के माध्यमों का नामोल्लेख कीजिए।

(v) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने 'मर्चेन्ट ऑफ वेनिस' का अनुवाद किस नाम से किया?

(vi) 'हरमिट' का अनुवाद 'एकांतवासी योगी' के नाम से किस लेखक ने किया?

(vii) 'Golden Age' का हिन्दी अनुवाद क्या है?



(viii) पदबंध से क्या अभिप्राय है?

(ix) भावानुवाद में किस बात पर अधिक ध्यान दिया जाता है?

(x) प्रयुक्ति के निर्धारक तीन तत्त्व कौनसे हैं?

(xi) 'एकभाषिक कोश' से क्या अभिप्राय है?

(xii) सफल अनुवाद के प्रमुख गुणों का उल्लेख कीजिए।

(xiii) शब्दकोश का प्रारम्भिक कार्य क्या है?

(xiv) अभिज्ञान शाकुन्तल् के अनुवाद के कारण कौनसा कवि चमत्कृत हुआ?

(xv) 'The breath of life' किस लेखक की कविता है?

प्र. 4. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिए। **20**

"Security personnel on duty have instructions to verify the identity of the invitees. All invitees are therefore requested to bring, also with them the invitation card, some documents to establish their identify e. i. Department Photo Identify Card/ Passport/Driving Licence/Weapon Licence etc. This may cause some inconvenience. However in the interest of security, kind cooperation of the invitees is solicited.

As the available parking is limited. Invitees are requested to shares vehicles, as for as possible, to avoid in convenience."

♦♦♦

# पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा – 2018

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## दशम पत्र : प्रयोजनमूलक हिन्दी

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उनके अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित हैं।**

**आलोचनात्मक प्रश्न** **4 x 10 = 40**

प्र. 1. कामकाजी हिन्दी के संदर्भ में पाठ्यक्रम में निर्धारित हिन्दी के विभिन्न रूपों का परिचय दीजिये।

अथवा

कार्यालयी हिन्दी (राजभाषा) के प्रमुख प्रकार्य के अन्तर्गत श्रेष्ठ संक्षेपण की विशेषता बतलाइये।

प्र. 2. हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

अथवा

संपादन के आधारभूत तत्त्वों पर प्रकाश डालिये।

प्र. 3. फीचर किसे कहते हैं? एक अच्छे व प्रभावी फीचर की क्या विशेषताएँ होती हैं?

अथवा

विभिन्न जन संचार माध्यमों का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

प्र. 4. जन संचार माध्यमों में अनुवाद का क्या महत्त्व है?

अथवा

दुभाषिया प्रविधि से क्या तात्पर्य है?

**लघूत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 5. किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5 x 4 = 20**

(i) माध्यम भाषा किसे कहते हैं?

(ii) टिप्पणी से क्या तात्पर्य है?

(iii) पृष्ठ सज्जा कैसे की जाती है?

(iv) किन्हीं दो प्रेस कानूनों का परिचय दीजिये

(v) रेडियो नाटक की विशेषताएँ बतलाइये।

(vi) वेब पब्लिशिंग से क्या तात्पर्य है?

(vii) रिर्पोताज किसे कहते हैं?

(viii) लीड एवं इंट्रो किसे कहते हैं?

**अति लघूत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **20 x 1 = 20**

(i) सर्जनात्मक भाषा किसे कहते हैं?

(ii) राजभाषा से क्या तात्पर्य है?

(iii) प्रयोजन मूलक हिन्दी से क्या तात्पर्य है?

(iv) राजभाषा हिन्दी कौनसी लिपि में लिखी जाती है?

(v) हिन्दी को संविधान के किन अनुच्छेदों में वर्णित किया गया है?

(vi) टेली ड्रामा किसे कहते हैं?

(vii) वर्तमान परिस्थितियों में इन्टरनेट का महत्त्व बतलाइये।



(viii) ''समकालीन लेखन अखबारियत से ग्रस्त हैं। वह आन्तरिक रूप से व्यावसायिक हो गया है।'' यह कथन किस विद्वान का है?

(ix) 'DRAFTING' का हिन्दी में प्रचलित पदबंध क्या है?

(x) पाठ्यक्रम में वर्णित कार्यालयी हिन्दी की यात्रा का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

(xi) सरकारी पत्र में प्रेषिति कहाँ और कैसे लिखा जाता है?

(xii) प्रेस विज्ञप्ति कब जारी की जाती है?

(xiii) COMMISSIONER का हिन्दी अनुवाद बतलाइये।

(xiv) w.w.w. इन तीनों डब्ल्यू का क्या अर्थ है?

(xv) हिन्दी का पहला साप्ताहिक पत्र का नाम व सम्पादक बतलाइये।

(xvi) 'हरिश्चन्द्र चंद्रिका' के प्रकाशक कौन थे?

(xvii) राजस्थान से प्रकाशित दो समाचार पत्रों के नाम बतलाइये।

(xviii) संपादन के आधारभूत तत्त्व क्या हैं?

(xix) एक श्रेष्ठ प्रूफ रीडर के गुण बतलाइये।

(xx) आल इंडिया रेडियो की विधिवत स्थापना कब हुई?

♦♦♦